**MAKHANLAL CHATURVEDI NATIONAL UNIVERSITY OF JOURNALISM AND COMMUNICATION**

**// UNIVERSITY LIBRARY //**

**-: NEWS CLIPPING SERVICE -:**

**DATE :- 14 August, 2026**

# MCU NEWS

## विद्यार्थियों के लिए विशेष कार्यक्रम

# एमसीयू में परमाणु ऊर्जा तकनीक सफलता जागरुकता पर विशेष सत्र का आयोजन 17 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विवि में सोमवार, 17 अगस्त को इंडियन न्यूक्लियर सोसाइटी, मुंबई, द्वारा देश में परमाणु ऊर्जा के प्रति रुचि बढ़ाने और इसके लाभकारी उपयोग को बढ़ावा देने के लिए विद्यार्थियों के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है।

इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों को देश भर के वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिकों के साथ बातचीत करने का अवसर प्रदान करना है। विवि के जनसंपर्क विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. पवित्र श्रीवास्तव ने बताया कि कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में आईएनएस मुंबई के वरिष्ठ सदस्य और देश के प्रमुख परमाणु वैज्ञानिक शामिल होंगे। इनमें शामिल हैं: विजय कुमार मनचंदा (पूर्व विशिष्ट वैज्ञानिक, बार्क और आईएनएस अध्यक्ष); ऋषिकेश मिश्रा (सेवानिवृत्त एसोसिएट डायरेक्टर और उत्कृष्ट वैज्ञानिक); अनादि कुमार सिन्हा (सेवानिवृत्त एसोसिएट डायरेक्टर और उत्कृष्ट वैज्ञानिक)।

NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC LIBRARY
HARIBHOOMI 14-08-2026 Page 8

# परमाणु वैज्ञानिकों से रूबरू होंगे स्टूडेंट्स

सिटी रिपोर्टर • माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में 17 अगस्त को परमाणु ऊर्जा के प्रति रुचि बढ़ाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इंडियन न्यूक्लियर सोसाइटी (आईएनएस) मुंबई की ओर से आयोजित कार्यक्रम स्टूडेंट्स को परमाणु वैज्ञानिकों के साथ बातचीत करने का मौका देगा।

विश्वविद्यालय के जनसंपर्क विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. पवित्र श्रीवास्तव ने बताया - कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में आईएनएस मुंबई के वरिष्ठ सदस्य और देश के प्रमुख परमाणु वैज्ञानिक शामिल होंगे। इनमें भाभा एटॉमिक रिसर्च सेंटर के पूर्व विशिष्ट वैज्ञानिक विजय कुमार मनचंदा, वैज्ञानिक ऋषिकेश मिश्रा, एनपीसीआईएल के रिटायर्ड एसोसिएट डायरेक्टर अनादि कुमार सिन्हा, बार्क के वरिष्ठ वैज्ञानिक अर्चना मिश्रा और पूर्व वैज्ञानिक ओपी राय शामिल हैं।

NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC LIBRARY
DAINIK BHASKAR 14-08-2026 Page 22

## एमसीयू में परमाणु ऊर्जा तकनीक पर जागरूकता सत्र 17 को

**नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपाल:** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय में 17 अगस्त को परमाणु ऊर्जा तकनीक की सफलता और जागरूकता पर विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। इंडियन न्यूक्लियर सोसाइटी (आईएनएस), मुंबई द्वारा आयोजित इस कार्यक्रम में देश के वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिक विद्यार्थियों और फैकल्टी से संवाद करेंगे।

विश्वविद्यालय के जनसंपर्क विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. पवित्र श्रीवास्तव ने बताया कि कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी की अध्यक्षता में होने वाले कार्यक्रम में आईएनएस मुंबई के वरिष्ठ सदस्य और परमाणु क्षेत्र के विशेषज्ञ शामिल होंगे। इनमें पूर्व विशिष्ट वैज्ञानिक विजय कुमार मनचंदा, उत्कृष्ट वैज्ञानिक ऋषिकेश मिश्रा, एनपीसीआईएल के पूर्व एसोसिएट डायरेक्टर अनादि कुमार सिन्हा, बीएआरसी की वरिष्ठ वैज्ञानिक अर्चना मिश्रा और एनपीसीआईएल के पूर्व वैज्ञानिक ओपी राय प्रमुख हैं। विशेषज्ञ विद्यार्थियों को परमाणु विज्ञान और तकनीक में हुई प्रगति की जानकारी देंगे।

NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC LIBRARY
DAINIK NAIDUNIA 14-08-2026 Page 4

## एमसीयू में परमाणु ऊर्जा तकनीक की सफलता पर विशेष सत्र 17 को

**भोपाल।** माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय (एमसीयू) में 17 अगस्त को इंडियन न्यूक्लियर सोसाइटी (आईएनएस), मुंबई के सहयोग से परमाणु ऊर्जा तकनीक की सफलता और इसके लाभकारी उपयोग पर विशेष जागरूकता सत्र आयोजित होगा। कुलगुरु विजय मनोहर तिवारी की अध्यक्षता में होने वाले कार्यक्रम में देश के वरिष्ठ परमाणु वैज्ञानिक विद्यार्थियों और फैकल्टी से संवाद करेंगे। विश्वविद्यालय के जनसंपर्क विभागाध्यक्ष प्रो. पवित्र श्रीवास्तव ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व विशिष्ट वैज्ञानिक एवं आईएनएस अध्यक्ष विजय कुमार मनचंदा, सेवानिवृत्त एसोसिएट डायरेक्टर एवं उत्कृष्ट वैज्ञानिक ऋषिकेश मिश्रा, पूर्व एसोसिएट डायरेक्टर एवं उत्कृष्ट वैज्ञानिक, एनपीसीआईएल अनादि कुमार सिन्हा, वरिष्ठ वैज्ञानिक बीएआरसी श्रीमती अर्चना मिश्रा तथा पूर्व वैज्ञानिक एनपीसीआईएल एवं आईएनएस कोषाध्यक्ष ओ.पी. राय शामिल होंगे। विशेषज्ञ परमाणु विज्ञान की प्रगति, स्वच्छ ऊर्जा, स्वास्थ्य, कृषि, खाद्य संरक्षण और जनसंचार में परमाणु तकनीक की भूमिका पर चर्चा करेंगे।

NEWS CLIPPING SERVICE
FROM MCNUJC LIBRARY
SWADESH 14-08-2026 Page 4